हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री


13 नशा, कुरीतियों को समाप्त करने किया जा रहा प्रयास ...





16 संघ का उद्देश्य परिवार, समाज व देश का निर्माण है ...






## खबर संक्षेप

### आरएसएस का पथ संचालन आज

**मगरलोड।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड मगरलोड द्वारा विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन 13 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 3 बजे रामलीला मैदान मगरलोड में रखा गया है। मंचीय कार्यक्रम 4 बजे होगा। प्रमुख अतिथि संत गोवर्धन शरण व्यास पीठाधीश्वर सिरकट्टी आश्रम कुटेना पाण्डुका होंगे। अध्यक्षता पवन निषाद करेंगे। मुख्य वक्ता चन्द्रशेखर वर्मा क्षेत्रीय अधिकारी विश्व हिंदू परिषद मध्यप्रदेश, छग होंगे। खंड प्रमुख ने क्षेत्र के स्वयंसेवकों से उपस्थित होने की अपील की है ।

### पुरूर मंडल का पथ संचलन कल

**पुरूर(धमतरी)।** आरएसएस के पुरूर मंडल का पथ संचलन 14 अक्टूबर को सरस्वती शिशु मंदिर पुरूर में आयोजित है। स्वयंसेवक मंतराम राजपुरिया ने बताया कि कार्यक्रम में पुरूर मंडल के 11 गांव के गणवेशधारी तथा अन्य स्वयंसेवक शामिल होंगे। एकत्रीकरण 12.30 बजे, पथ संचलन 1.30 बजे होगा। 2.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर पुरूर में मंचीय कार्यक्रम होगा। मुख्य वक्ता जिला बालोद प्रचारक होंगे।

दुर्लभ प्रजाति का काला बाज भर रहा है उड़ान

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में जंगल का भूत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट सिर्फ बाघों और वन्य पशुओं का ही नहीं, दुर्लभ पक्षियों का भी खूबसूरत ठिकाना है। जंगल में नक्सलियों का घटता जनाधार और वन विभाग के बढ़ते दायरे के बीच इस फारेस्ट में तरह-तरह के वन्य जीव-जंतुओं के नजारे मिल रहे हैं। हाल ही में यहां भारत देश की सबसे बड़ी साइज वाला उल्लू का बसेरा पाया गया है। दुर्लभ प्रजाति का काला चील भी उड़ान भर रहा है। यह जंगल तितलियों की अद्भुत और विविधता के लिए स्वर्ग के समान है।

### भारत का सबसे बड़ा फारेस्ट ईगल उल्लू

उदंती सीतानदी के जंगल में वन अमला ने स्पॉट बेलीड ईगल उल्लू को कैमरे में कैद किया है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन बताते हैं कि यह उल्लू भारत के सबसे बडी साइज वाला उल्लू है। इसकी ऊंचाई 2 से ढाई फीट होती है। फारेस्ट ईगल उल्लू भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाने वाला एक बड़ा शक्तिशाली शिकारी पक्षी है। इसका नाम इसके पेट और छाती पर मौजूद काले धब्बे के कारण पड़ा है। इसका ऊपरी हिस्सा गहरे भूरे रंग का होता है। वह रात में सक्रिय रहता है। छोटे कृन्तकों, छिपकलियों और सरिसृपों का शिकार करता है। इसकी लंबाई 50 से 65 सेमी, पंखों का फैलाव 1.7 मीटर तक होता है। यह मनुष्य जैसे अजीब चीख निकालता है जिसके कारण इसे जंगल का भूत भी कहा जाता है।


### काला चील एक शिकारी पक्षी

उदंती सीतानदी के जंगल में काला बाज को भी उड़ान भरते कैमरे में कैद किया गया है। काला चील एक शिकारी पक्षी है। ये उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया के पहाड़ी क्षेत्रों के साथ-साथ दक्षिण-पूर्वी चीन के जंगलों में उड़ते हैं।

### तितलियों का स्वर्ग बना टाइगर रिजर्व







तितलियों की अद्भुत एवं समृद्ध विविधता के लिए उदंती सीतानदी का जंगल स्वर्ग के समान है। इसका प्रमुख कारण क्षेत्र का नदीनुमा पारिस्थितिक तंत्र जिसमें बहते झरने, छोटे-छोटे नाले, प्राकृतिक तालाब एवं सघन वनों का सुंदर समावेश है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन बताते हैं कि तितलियां प्रायः नमीयुक्त, हरित एवं शांत जगहों पर पाई जाती हैं जहां उन्हें पराग, नमी, भोजन, अंडे देने के लिए पौधे और शिकारियों से सुरक्षा मिलती है। इस जंगल में उदंती, सीतानदी की बहती हुई धार, जंगल के अंदर अनेक छोटे-छोटे जलस्त्रोत शामिल है। यहां तितलियों की अनेक प्रजाति पाई जाती है, जिसमें से कई रंगीन और अत्यंत आकर्षक है। उन्होंने बताया कि यहां पाई जाने वाली प्रमुख तितलियों में बैंडेड पीकॉक, ब्लेमॉरमॉन, कॉमन मॉरमॉन, कॉमन जे, नवाब, राजा, ब्लू टाइगर, ग्रास ब्लू वांडरर, कॉन पैंसी, कॉमन इवनिंग ब्राउन है। ▶▶ शेष पेज 12 पर






# मोबाइल, रिमोट से ऑपरेट होगी नियोन लाइट

- दीपावली पर घरों को जगमगाने लाइट का बाजार सजा
- फ्लोटिंग दीपक और सुगंधित कैंडल लाइट की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी









दीपावली पर्व पर घरों को जगमगाने विभिन्न वैराटियों के झालर, लाइट, लैंप बाजार में सज गए हैं। मोबाइल या रिमोट से ऑपरेट होने वाले नियोन लाइट, जमीन को हैप्पी दीपावली से रोशन करने वाली आकाश दीप सहित अनेक इलेक्ट्रिक सामान उपलब्ध हैं। इस साल वोकल फार लोकल का ट्रेंड चल रहा है, जिसके चलते बाजार से चाइनीज आयटम गायब हैं।

बिजी बाजार के संचालक भूपत देवांगन ने बताया कि इस साल दीपावली में स्वदेशी सामानों की डिमांड हैं। जमीन पर हैप्पी दीपावली की रोशनी करने वाले आकाशदीप की मांग खूब हो रही है। इसके अलावा सेंटेड कैंडल, लोटस फ्लावर, पानी पर फ्लोटिंग करने वाले दीपक की मांग खूब हो रही है। 100 रूपये से लेकर 600 रूपये तक के सामान उपलब्ध हैं।

पटेल इलेक्ट्रानिक्स के संचालक मिहिर पटेल बताते हैं कि इस साल मोबाइल या रिमोट से ऑपरेट होने वाली नियोन लाइट को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। 8 एमएम का फिक्सल झालर, नियोन लाइट 5 मीटर के रोल में उपलब्ध हैं। रोप लाइट 11 प्रकार के रंगों में उपलब्ध हैं। प्लास्टिक कार्डबोर्ड का झूमर, आकाशदीप लोगों की पसंद है। उन्होंने बताया कि इस साल बारिश से दीपावली का बाजार ठंडा है। आये दिन हो रही बारिश के कारण दुकान से सामान अंदर बाहर करने की मशक्कत करनी पड़ रही है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# मां अंगारमोती की मड़ई 24 को

- अंचल की संस्कृति और परम्पराओं का दिखेगा भव्य नजारा
- नि:संतान दंपतियों को इस दिन का रहता है बेसब्री से इंतजार



**धमतरी।** अंचल की संस्कृति और परम्पराओं से ओत-प्रोत मेला-मड़ई का आगाज दीपावली पर्व के साथ शुरु हो जाएगा। गंगरेल स्थित मां अंगारमोती की ऐतिहासिक मड़ई दीपावली के बाद आने वाले प्रथम शुक्रवार यानी 24 अक्टूबर को मनाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि गंगरेल मड़ई का इंतजार सैकड़ों निःसंतान दंपतियों को रहता है। मान्यता है कि माता का परण पड़ने से महिलाओं की सूनी गोद भर जाती है। विविधता भरी परम्पराओं में अंचल का मड़ई-मेला का अपना विशेष स्थान है। इसमें आदिशक्ति मां अंगारमोती का मड़ई-मेला का अंदाज ही कुछ और है। वनदेवी मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि गंगरेल डूब में आने से पहले डुबान के गांव कृषि क्षेत्र में समृद्ध हुआ करते थे। उस समय माता का स्थान चंवर की महानदी के तट पर था। तब माता का मड़ई-मेला महानदी में लगता था। गंगरेल बांध के अस्तित्व में आने के बाद माता को गंगरेल बांध के तट पर स्थान दिया गया है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि परम्परानुसार दीपावली के बाद आने वाले पहले शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 52 गांव के सिरहा बैगा, देवी-देवताओं को निमंत्रण देने का काम शुरु हो गया है। कांकेर सहित आसपास क्षेत्र के आंगा देवता भी अपनी हाजिरी देंगे। डांग, डोली, देव विग्रहों के साथ माता को रिझाने सिरहा बैगा अपनी संस्कृतिक परम्पराओं का निर्वहन करेंगे।

### संतान सुख के लिए परण पड़ने की परम्परा

माता के सहायक पुजारी तुकाराम मरकाम ने बताया कि परण पड़ने की परम्परा आदिकाल से चली आ रही है। मां अंगारमोती के मड़ई के दिन सैकड़ों निःसंतान महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए परण पड़ती हैं। इस दिन माता के आशीर्वाद से संतान प्राप्त कर चुके दंपति भी पहुंचकर माता को मन्नत देते हैं।




## खबर संक्षेप



### उसरवारा में डीजे डांस प्रतियोगिता 18 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम उसरवारा में न्यू बाल समाज दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 18 अक्टूबर को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रवेश शुल्क सामूहिक में 201 रूपये, युगल में 101 एवं एकल डांस में 101 रूपये है। सामूहिक में प्रथम पुरस्कार 10,001 रूपये, द्वितीय 7001, तृतीय 5001, चतुर्थ 3001 रूपये व युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ पुरस्कार1001 एवं एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय 2001, तृतीय 1001, चतुर्थ पुरस्कार 501 रूपये है। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजन समिति के अध्यक्ष जालंधर साहू, सरंक्षक तुलाराम महमल्ला, नंदेश अटलखाम, सचिव दशरथ निर्मलकर, कोषाध्यक्ष गजानंद सार्वा, परेश गंगबेर, प्रमोद किरण सहित अन्य सदस्य जुटे हैं।

### जल ग्रहण क्षेत्र में भू-जल संरक्षण कार्यों की हुई कार्यशाला

**जगदलपुर।** बस्तर वन मंडल अंतर्गत दरभा परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1439 में जल ग्रहण क्षेत्र में भू-जल संरक्षण कार्यों की प्लानिंग हेतु वृत्त स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वन वृत्त जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी सुश्री स्टाइलो मंडावी एवं बस्तर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा वृत्त से आए हुए समस्त वन अधिकारी-कर्मचारियों एवं वन विद्यालय के प्रशिक्षु वनरक्षकों को ऑन फील्ड प्रशिक्षण दिया गया। इसमें भू-जल संरक्षण हेतु रिज टू वैली सिद्धांत पर आधारित प्रायोगिक जानकारियां विभागीय कर्मचारियों को दी गई।

### उमाशंकर के पुत्र साकेत और पूर्व नपा अध्यक्ष कविता ने की दावेदारी

**जगदलपुर।** कांग्रेस पर्यवेक्षक सप्तगिरी उल्का के समक्ष आज वरिष्ठ नेता पं उमाशंकर शुक्ल के पुत्र साकेत शुक्ला और नगर निगम की पूर्व अध्यक्ष कविता साहू ने भी शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए अपना आवेदन सौंपा।

### जगदलपुर में वार्ड ब्वॉय एवं आया भर्ती परीक्षा में 75.49 प्रतिशत उपस्थिति

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया भर्ती परीक्षा का आयोजन जगदलपुर और आसपास के 30 केंद्रों पर किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक चली इस परीक्षा में 9,509 पंजीकृत छात्रों में से 7,169 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिससे उपस्थिति दर 75.49% दर्ज की गई। अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 2,340 रही। परीक्षा समन्वयक डॉ अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, जैमर सहित सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। सभी परीक्षा केंद्रों में नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया। व्यापम के नियमों का कड़ाई से पालन के फलस्वरूप पूरी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### तितलियों का स्वर्ग बना टाइगर रिजर्व

**अध्ययन तथा फोटोग्राफी के लिए उपयुक्त :** वरूण जैन कहते हैं कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र तितलियों के मामले में अनदेखा और अज्ञात खजाना है। यहां अनेक प्रजाति है जो विज्ञान और शोध की दृष्टि से अज्ञात है। यह क्षेत्र तितलियों के गहन अध्ययन, फील्ड रिसर्च के लिए अत्यंत उपयुक्त है। यह स्थान प्रकृति प्रेमी, वन्य जीव फोटोग्राफर, तितली विशेषज्ञ के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। जंगल की गहराइयों में, सूरज की रोशनी में झिलमिलाते रंग-बिरंगी पंखों वाली तितलियों का नजारा मन मोहने वाला होता है।

---

कीटनाशक छिड़काव के बाद भी किसानों को नहीं मिल रही राहत

# अर्ली वैरायटी की धान फसल पर कीट पतंगों का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी अंचल में बारिश और मौसम आए दिन परिवर्तन के चलते अर्ली वैरायटी की धान फसल में माहो और कीट प्रकोप से किसान परेशान हैं। कीटनाशक छिड़काव के बाद भी किसानों को राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में कुछ किसान अब ठंड के मौसम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि ठंड आने पर माहो मर जाता है। अब धान के पौधे निकल गए हैं। खरीफ सीजन में अली वैरायटी की धान फसल इन दिनों लहलहा रही है। फसल तैयार होकर अब पकने भी लगी है, मगर लेकिन पिछले दिनों तेज धूप और भारी उमस के कारण इस फसल में माहो और कीट प्रकोप शुरू हो गया है। माहो अर्ली और लेट वैरायटी दोनों फसल में सक्रिय है।

**किसानों को मौसम खुलने का इंतजार**



किसान इंदल नेताम, परमा मरकाम, विक्रम नेताम के खेतों में पानी भरा है। इससे कीट व्याधि बढ़ गई है। धान फसल पर खतरा मंडराने लगा है। फसल को बचाने के लिए किसान कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं लेकिन माहो से राहत नहीं मिल पा रही है।

किसान घनाराम गौर, त्रिभुवन बिसेन आदि ने बताया कि इन दिनों हुई तेज बारिश और आंधी-तूफान से कई किसानों की अर्ली वैरायटी की धान फसल जमीन पर गिर गई है। फसल पर माहो का सबसे अधिक हमला हो रहा है, जिससे गंभीर खतरा मंडराने लगा है। इसके अलावा कई अन्य कीट प्रकोप भी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बारिश के कारण भी फसल को नुकसान होगा।

---

# विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन करने पहुंची टीम



- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से डब्ल्यूएचओ के सदस्यों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में सिकलसेल और एनीमिया के क्षेत्र में किए जा रहे कामों का अवलोकन करने विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्यों की टीम धमतरी पहुंची। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से कलेक्टोरेट में मुलाकात की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से सिकलसेल और एनीमिया को दूर करने के लिए योजना बनाकर कार्य किए जा रहे हैं, जिसका बेहतर परिणाम अब दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही जिले के आदिवासी बाहुल्य नगरी विकासखण्ड में विशेष पिछड़ी जनजाति को भारत सरकार की योजनाओं के तहत लाभान्वित करने के लिए एम्स रायपुर से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने तथा कमार जनजाति वर्ग के जीवनस्तर और भौगोलिक स्थिति के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्यों ने जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा की और आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर टीम लीडर डॉ. ग्रेस, नेशनल प्रोफेशनल ऑफिसर डॉ. दिलीप, हेल्थ सिस्टम ऑफिसर छत्तीसगढ़ डॉ उरिया नाग, हेल्थ को-ऑर्डिनेटर कुमार गौरव उपस्थित रहे।

---

# गिरौद की महिलाओं ने सामूहिक पूजन कर रखा करवा चौथ व्रत

- करवा माता, गणेश, कार्तिकेय, शिवजी की आरती कर पति की लंबी उम्र मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम गिरौद मे सुहागिन महिलाओं ने शिवमंदिर में सामूहिक रूप से इकठ्ठा होकर माता करवा की पूजा की। पिछले वर्ष भी इसी तरह आयोजन किया गया था। पंडित जितेन्द्र पाण्डेय ने माता करवा की महिमा एवं व्रत करने की विधि को विस्तारपूर्वक बताया। उसके बाद विधि विधान से सभी महिलाओं ने पूजन कर भगवान शिव को जल चढ़ाया। करवा माता, गणेश, कार्तिकेय, शिव की आरती कर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। अत्यंत खुश होकर महिलाएं संगीत की धुन में माता की भक्ति में थिरकते नजर आई। सभी व्रतरत महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रहीं।



शाम को पूजन पश्चात रात्रि में चांद को देखकर अपने व्रत को पूरा किया। तत्पश्चात भोजन ग्रहण किया। कहा जाता है कि कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को माता करवा की विधि-विधान से पूजा करने से सभी कष्ट मिट जाते हैं। घर में सुख शांति के साथ धन संपत्ति में वृद्धि होती है। इस प्रकार के सामूहिक आयोजन से आपस में एकता एवं सहयोग में वृद्धि होती है। भारतीय परंपरा में सामूहिक आयोजन का विशेष महत्व है। श्रीमती राधिका निषाद, कुंती साहू, हरलता साहू, टोमेश्वरी साहू, रोशनी साहू, गायत्री साहू, भुनेश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू, बसंती साहू, संतोषी साहू, गीता साहू, पूर्णिमा साहू, तामेश्वरी ने करवा माता का उपवास पूरा किया।

---

# इर्रा में महिलाओं ने मनाया करवा चौथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम इर्रा में शुक्रवार को करवा चौथ पर महिलाओं ने सामूहिक रूप में विधि-विधान से पूजन किया। पं. जगदीश्वर प्रसाद शर्मा ने करवा चौथ व्रत का महत्व बताया। कहा कि यह व्रत सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए रखा जाता है। उन्होंने कहा कि करवा चौथ का संबंध प्रेम, त्याग और अटूट विश्वास से जुड़ा हुआ है। इस व्रत की कथा में करवा नामक पतिव्रता स्त्री का वर्णन मिलता है, जिसने अपने पति की रक्षा के लिए यमराज तक को भी अपने संकल्प से रोक लिया था। यही कारण है कि यह पर्व नारी की अटूट श्रद्धा और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती एवं मंगलकामनाएं की गईं। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर शिव-पार्वती और गणेशजी का पूजन कर खुशहाली की प्रार्थना की।



इस अवसर पर यामिनी साहू, लोकेश्वरी साहू, आरती साहू, डोमेश्वरी साहू, नीलम साहू, गीतांजलि साहू, दुलेश्वरी साहू, पुष्पलता साहू, रोशनी साहू शामिल हुई।

---

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

नगर पंचायत भखारा में कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का त्योहार मनाया गया। हिना गोस्वामी ने बताया कि इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए कठोर उपवास रखती हैं। इसके बाद रात को चंद्रमा को अर्ध्य देने के बाद महिलाएं अपना व्रत पूर्ण करती हैं। इस बार मौसम की बदली के कारण चांद देखने में थोड़ी असमंजस की स्थिति बनी रही, लेकिन चांद नजर आने के बाद सभी महिलाओं ने अपना उपवास का कार्यक्रम संपन्न किया।



---

# सोशल मीडिया में रील्स देखने से अच्छा है करियर पर फोकस करें

- चाइल्ड लाइन ने बालिका दिवस पर छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम, भटगांव, मोहेरा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा छात्राओं को उनके अधिकार के बारे में बताया गया। इस दौरान छात्राओं को सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई पर फोकस करने की सलाह दी गई।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 परियोजना समन्वयक नीलम साहू ने बताया कि बालिका का उद्देश्य लड़कियों के अधिकारों और शिक्षा को बढ़ावा देना और उन्हें आगे आने वाली चुनौतियों के प्रति जागरूक करना है। यह दिन लड़कियों के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और शिक्षा की बाधाओं को दूर करने के महत्व पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन कीमती होता है। यही वह समय होता है जब छात्र-छात्रा का भविष्य तय होता है। छात्र-छात्राओं को मोबाइल का उपयोग आवश्यकता होने पर ही किया जाना चाहिए। फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम रील्स देखने में समय बर्बाद करने से अच्छा है कि पढ़ाई पर फोकस किया जाए। इस दौरान छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 बाल श्रम अधिनियम तथा किशोर न्याय, बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 की जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर अनुराग खलखो एवं तुलेश्वर साहू ने धमतरी में बाल विवाह मुक्त करने के सम्बन्ध एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जानकारी दी। मिशन शक्ति से जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती प्रियंका गंजीर ने छात्राओं को उनके अधिकार के बारे में बताया।





---

**बिजली बिल हाफ, धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की मांग**

# भारतीय किसान संघ करेगा सीएम हॉउस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

किसानों की हो रही उपेक्षा से नाराज होकर भारतीय किसान संघ 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रहा है । इसमें पूरे प्रदेश के किसान सहभागी होंगे। इस संदर्भ में भारतीय किसान संघ धमतरी जिले की बैठक नई कृषि उपज मंडी परिसर कुरूद जिला अध्यक्ष लाला राम चंद्राकर की उपस्थिति में हुई।

इससे पूर्व भी किसानों की समस्याओं को लेकर किसान संघ ने जिलों एवं तहसीलों में क्रमबद्ध आंदोलन किया था। अभी हाल ही में 18 सितंबर को प्रदेश की लगभग 150 तहसीलों में एक साथ ज्ञापन सौंपा था। जिलाध्यक्ष चंद्राकर ने बताया कि किसानों की प्रमुख मांगों जैसे बिजली बिल हाफ योजना पुनः लागू की जाए, पिछली सरकार की शेष चौथी किस्त भुगतान, धान के मूल्य 3100 रूपए में दो वर्ष के समर्थन मूल्य की वृद्धि 186 रूपए जोड़कर दिया जाए, प्रति तौल 40.700 किलोग्राम धान खरीदी, सिंचाई का रकबा बढ़ाया जाए, गन्ना फसल में मूल्य वृद्धि, दलहन-तिलहन पर अनुदान बढ़ाया जाए तथा जैविक खेती के लिए केंद्रीय अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिए जाने जैसी मांगें प्रमुख थीं परंतु सरकार की ओर से अब तक किसी भी प्रकार का आश्वासन या ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



उन्होंने बताया कि इस उपेक्षा और सरकार की चुप्पी के विरोध में भारतीय किसान संघ अब प्रदेशव्यापी आंदोलन करने जा रहा है एवं किसानों की मांग पूरी होने तक चरणबद्ध तरीके से किसान संघ आंदोलन करते रहेगा। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता गाव-गांव जाकर किसानों को जानकारी दे रहे हैं और सबसे महत्वपूर्ण यह की किसान स्वस्फूर्त इस आंदोलन में आने तैयार हो रहे हैं। आंदोलन 13 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे बूढ़ा तालाब रायपुर में प्रारंभ होगा। एक स्थान पर सभा करने के पश्चात रैली के रुप में मुख्यमंत्री निवास घेराव हेतु प्रस्थान किया जायेगा।

---

## अंचल की खबरें

### केरेगांव में मनाया गया विजयादशमी उत्सव



**नगरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर नगरी खंड के केरेगांव मंडल में विजयादशमी उत्सव मनाया गया। मुख्य वक्ता खंड प्रचारक मोतीलाल दिवाकर समेत जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा,श्यामलाल कोर्राम, नारायण साही, महेश खापर्डे, महेश कोड़े, रमेश खापर्डे, रूपोटिन बाई, अकबर मांडवी थे। विजयादशमी उत्सव के दौरान वक्ताओं ने संघ के शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और संगठन की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

### सिलीडीह में 25 छात्राओं को मिली साइकिल



**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल सिलीडीह में शनिवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। कक्षा नवमी की 25 नवप्रवेशित बालिकाओं को शासन की साइकिल योजना अंतर्गत साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम में रामविशाल साहू उपसरपंच, शोभाराम यादव विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य, पेखनलाल देवांगन विधायक प्रतिनिधि, श्रीमती अमृता देवांगन पूर्व सरपंच, प्राचार्य एके ध्रुव, व्याख्याता राधेश्याम दीवान, भुवनेश्वरसिंह ध्रुव, नीलमणि यादव, श्रीमती प्रेमलता साहू समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि साइकिल शिक्षा का पहिया है, जो बेटियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के चेहरों पर उत्साह और खुशी झलक रही थी।

### कुरुद कॉलेज में मतदाता जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक



**कुरुद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 एवं स्वीप के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया। परिचर्चा का विषय लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीतिः क्या हम असली मुद्दों से भटक रहे हैं पर स्वीप के नोडल अधिकारी विजय कुमार एवं कैम्पस एंबेसडर मोजेश साहू तथा चंचल चंद्राकर ने विस्तार से प्रकाश डाला। निबंध लेखन प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया में मीडिया की भूमिका विषय पर अपने मौलिक विचारों का लेखन किया। साथ ही स्वलिखित मौलिक नारों का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान भूमिका डहरे और उनके साथियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक केशव ध्रुव, जागेन्द्र सिंह, विषभ सोनकर, यामिनी कंवर, नितिन, रुचि साहू, डेविड डहरे, खुमेन्द्र साहू की विशेष भूमिका रही।

### बगौद स्कूल में 18 छात्राओं को साइकिल वितरित



**अंवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगौद में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना कअंतर्गत कक्षा 9वीं की पात्र 18 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर शाला समिति अध्यक्ष खेमराज बंजारे, सरपंच दशोदा साहू, कमलेश साहू, घनश्याम चंद्राकर, प्राचार्य टीके चन्द्राकर एवं शिक्षकगण जीके साहू, विकास गौर, एनआर साहू, केके साहू, संकुल समन्वयक टीआर साहू, एमबी चन्द्राकर, अनामिका चन्द्राकर, तेजीन बैस, डालेश्वरी निर्मलकर, लेवेंद्र ध्रुव, माखन पटेल उपस्थित थे।

### किसानों को फसल बीमा राशि देने की मांग



**अंवरी।** किसान संघ के जिला उपध्याक्ष सिंधु बैस ने कहा कि किसानों का धान कटाई के लिए तैयार हो गया है लेकिन बेमौसम बारिश के चलते फसल खराब हो रही है। इससे किसान परेशान हैं। उन्होंने फसल बीमा की राशि तत्काल देने की मांग कि है। श्री बैस ने आगे कहा कि सोसाइटी में किसानों का फसल बीमा किया जाता है, लेकिन बीमा राशि नहीं मिल पाती है। इससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से तत्काल बीमा राशि देने की मांग की है।

### कन्या कालेज में टैली एवं जीएसटी पर दिया प्रशिक्षण



**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में बेस्ट प्रैक्टिस के अंतर्गत कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू के निर्देशन में टैली एवं जीएसटी विषय पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। टैली एक्सपर्ट वेदप्रकाश साहू ने अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर टैली की मूलभूत जानकारी के साथ-साथ जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) की अवधारणाओं को सरल एवं प्रभावशाली तरीके से समझाया। प्रशिक्षण में छात्राओं को बिलिंग, वाउचर एंट्री, टैक्स कैलकुलेशन, रिपोर्ट जनरेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने कहा कि आज की इस प्रतिस्पर्धा के युग में टैली एवं जीएसटी का ज्ञान छात्राओं के करियर को नई दिशा देगा। यह प्रशिक्षण न केवल उनके कौशल को बढ़ाएगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा। कार्यक्रम में सतीश साहू जनभागीदारी शिक्षक का सराहनीय योगदान रहा।

मोर गांव मोर अभियान के तहत महिला कमांडो को दिया गया प्रशिक्षण

# नशा, कुरीतियों को समाप्त करने किया जा रहा प्रयास सराहनीय : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

गांव मोर अभियान अंतर्गत सरपंच संघ कुरुद एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति महिला कमांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो महिला कमांडो शामिल हुईं। मुख्य अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरुद जनपद के सरपंचों द्वारा नशा, कुरीतियों को समाप्त करने किए जा रहे प्रयास की सराहना की।

शनिवार को कुरुद के विश्रामगृह में आयोजित इस कार्यक्रम में संरक्षक टिकेश साहू ने कहा कि आज की महिलाएं समाज की नींव नहीं, उसकी ढाल है। हर पंचायत में आत्मरक्षा की भावना जीवित रहे यही सरपंच संघ का उद्देश्य है। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू, उपाध्यक्ष पुष्पलता साहू, एएसपी मणिशंकर चंद्रा, एसडीएम कुरूद नभसिंह कोशले, उपसंचालक समाज कल्याण मनीषा पांडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं कुरूद अमित सेन, अध्यक्ष नशा मुक्ति केंद्र धमतरी डॉ. मनोज साहू, पूरनसिंह धृतलहरे, पूजा साहू, जयमित्र साहू, पन्ना चंद्राकर, ज्योति मांडवी, नीतू तोड़ेकर, खुमेश्वरी साहू, माधुरी साहू, हेमा गन्नीर, नेमिन सिन्हा, ओमप्रकाश यादव, भारतभूषण साहू, त्रिवेणी पाल, नागेश साहू, मिथलेश साहू समेत कुरुद क्षेत्र के सरपंच एवं बड़ी संख्या में महिला कमांडो उपस्थित थी।






### मैंने अपने कार्यकाल में ऐसा जनजागरण कहीं नहीं देखा : मिश्रा

मुख्य अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि आत्मरक्षा केवल एक कौशल नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की रक्षा का शस्त्र है। कुरूद जनपद ने जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह पूरे धमतरी जिले के लिए अनुकरणीय है। मैंने अपने चार जिलों के कार्यकाल में ऐसा जनजागरण कहीं नहीं देखा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि अब धमतरी जिले के हर ग्राम में महिला कमांडो दल का गठन किया जाएगा और उन्हें शासन स्तर से प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर ने सरपंच संघ कुरूद को इस उत्कृष्ट पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि आपने पंचायत व्यवस्था को केवल विकास का माध्यम नहीं, बल्कि महिला सुरक्षा का सशक्त मंच बना दिया है।

### आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और आत्म सम्मान महिला कमांडो की पहचान है : पद्मश्री शमशाद

पद्मश्री शमशाद बेगम 2006 से महिला कमांडो की नायिका रही हैं। उन्होंने मातृशक्ति के महत्व पर कहा कि महिलाएं केवल घर की सीमाओं तक नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की दिशा तय करने की क्षमता रखती हैं। आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और आत्मसम्मान यही तीन स्तंभ महिला कमांडो की पहचान है। नशामुक्ति कुरूद समाज कल्याण एवं शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष ने नशे की प्रवृत्तियों और उनके दुष्प्रभावों पर गहन जानकारी दी। संरक्षण अधिकारी सुश्री अनामिका शर्मा ने महिलाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।

# दर्री में मौरध्वज नाटक का किया गया मंचन



- पुराने व नए कलाकारों की सहभागिता से ग्रामीण संस्कृति को मिला नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

टीवी, मोबाइल और यूट्यूब की चकाचौंध से दूर ग्राम दर्री में वर्षों बाद रंगमंच की विधा ने फिर से अपनी चमक बिखेरी। स्वतंत्र बाल समाज नाट्य मंडली दर्री द्वारा आयोजित नाट्य मंचन मौरध्वज उर्फ शेर का भोजन ने न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि ग्रामीण सांस्कृतिक चेतना को भी एक नया जीवन दिया। यह नाटक प्रसिद्ध नाटककार नथाराम गौड़ शर्मा उत्तरप्रदेश द्वारा रचित है। इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें पुराने अनुभवी कलाकारों और नई पीढ़ी के नवोदित कलाकारों ने कंधे से कंधा मिलाकर अभिनय किया। इस समन्वय ने मंच को न सिर्फ जीवंत किया, बल्कि गांव के भीतर कला और सांस्कृतिक चेतना को भी पुनर्जीवित किया। कार्यक्रम के अतिथि दयाराम साहू पूर्व महामंत्री, प्रदेश साहू संघ, हिमांशु शेखर साहू सरपंच, निरंजन साहू उपसरपंच, अर्जुन दास, ललित शुक्ला थे। उल्लेखनीय है कि 80 वर्षीय दशरथ साहू ने बिना चश्मे के टीकाकार की भूमिका निभाई। उन्होंने पुरानी कवि शैली में संवाद प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया और यह संदेश दिया कि कला की कोई उम्र नहीं होती।

# श्रृंगी ऋषि गौशाला समिति के प्रिंस अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

श्री श्रृंगी ऋषि गौशाला समिति में नवगठित कार्यकारिणी का गठन हुआ। सर्वसम्मति से प्रिंस गोलछा को अध्यक्ष चुना गया। पेमन स्वर्णबेर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक यदु को उपाध्यक्ष तथा कमल साहू, देवनाथ साहू, नोमेश साहू और शिवशंकर साहू को सह-उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी तथा सचिव अनिता गोलछा बनाए गए। गौशाला समिति में 25 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। संजय छाजेड़, ज्ञान गोलछा, भानेंद्र ठाकुर और मदनलाल नाग को संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर गौशाला समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि आने वाले समय में संस्था गौपालन, गो संवर्धन और गोसेवा के क्षेत्र में कई नवाचार योजनाएं लागू करेगी। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि गौशाला परिसर में गायों की देखभाल, भोजन, चिकित्सा एवं सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्थाएं की जाएंगी। नए पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष प्रिंस गोलछा ने कहा कि गौशाला न केवल धर्म का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण का भी आधार है।

# गीतांजलि को क्रिकेट में गोल्ड और सुनील को कबड्डी में मिला ब्रॉज मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार के प्राचार्य देवनाथ साहू के निर्देशन एवं व्यायाम शिक्षक प्रखर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में इस वर्ष विद्यालय की कक्षा बारहवीं विज्ञान की छात्रा गीतांजलि साहू ने रायगढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय शालेय क्रिकेट चयन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीता। इसी तरह सुनील कुम्भकार कक्षा 12 वीं विज्ञान ने महासमुन्द में आयोजित राज्यस्तरीय कबड्डी में तृतीय स्थान हासिल कर ब्रॉज मेडल पर कब्ज़ा जमाया। इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, सरपंच विमलेश मीनपाल, उपसरपंच परमेश्वरी साहू, जनपद सदस्य योगेश मारकंडे, सदस्य संतकुमार साहू, शीतकुमार साहू, सुरेशकुमार साहू, संजय साहू, पदमनी साहू, रुपेश बंजारे, देवेंद्र साहू, शीतल मीनपाल, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डीएमसी देवेश सूर्यवंशी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक हरीश देवांगन, सहायक क्रीड़ा अधिकारी शकीला देवदास ने हर्ष जताया है।

# दस महिलाओं की गोदभराई 10 बच्चों को सुपोषण किट मिला

- आमदी में परियोजना स्तरीय पोषण माह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




आमदी में परियोजना स्तरीय पोषण माह का आयोजन किया गया। अतिथि विधायक ओंकार साहू, नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, पार्षद कमल यादव, ऋषभ ठाकुर, पारसमणि साहू श्रीमती संतोषी साहू, जागेश्वर नेताम, श्रीमती संतोषी साहू और श्रीमती मधु साहू थे। परियोजना अधिकारी श्रीमती प्राची शर्मा ने पोषण माह के आयोजन पर जानकारी दी। कार्यक्रम में 10 महिलाओं की गोदभराई, 10 बच्चों को सुपोषण किट, पांच बच्चों का अन्नप्राशन और पांच स्वस्थ बच्चों को सम्मानित किया गया। विधायक ने इस दौरान छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कुपोषित बच्चों को गोद लेते हुए 10000 की राशि देने की घोषणा भी की।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने पालकों से बच्चों में उचित खानपान एवं संस्कार की नींव डालने का आग्रह किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। आयुष विभाग द्वारा 20 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा किरण चंद्राकर, पर्यवेक्षक श्रीमती रेणुका साहू, टिंकी साहू, प्रतिमा गोस्वामी, तरुण यादव, मनीषा बोरघरिया, तारकेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा साहू, मुरही ध्रुव, दुलेश्वरी देवांगन, सविता साहू, लक्ष्मी निर्मलकर, चंद्रिका नेताम समेत गांव की अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

# पारिवारिक एवं सामाजिक उत्सव का केंद्र बन रहा सेजेस सिंगपुर

- टिकेश्वर ने अपने बेटे के जन्मदिन पर प्रतियोगी परीक्षा की एक दर्जन किताबें भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय को सामाजिक जन चेतना का केंद्र बनाने सेजेस सिंगपुर के शिक्षकों के द्वारा सतत प्रयास जारी है। जब से सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तब से नियमित समुदाय के लोग विद्यालय से जुड़ रहे हैं। अब हालात यह है कि लोग अपने जन्मदिन, बच्चे के जन्मदिन, वैवाहिक वार्षिक उत्सव, पुण्य स्मृति ,प्रियजन की स्मृति के बहाने स्कूल पहुंचकर नेवता भोज के साथ स्कूल को कुछ न कुछ भेंटकर समृद्ध कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि समुदाय के समर्थन से स्थापित विद्यालय थाती को विविध पुस्तकें देकर समृद्ध बनाने का काम समाज के हर तबके के लोग कर रहे हैं। इसी परंपरा के निर्वहन के लिए टिकेश्वर ध्रुव ने अपने बेटे ओजस के जन्मदिन पर सेजेस सिंगपुर पहुंचकर प्रेरणादायी एवं प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित एक दर्जन किताबें एवं अंग्रेजी की डिक्शनरी विद्यालय को भेंट की। इस अवसर पर सिंगपुर के सरपंच लोमेश्वर साहू, डॉ हेमन्त साहू, सफीना बानो, राधेलाल सिन्हा थे। लोगों ने वाचनालय पहुंचकर वाचनालय प्रभारी श्रीमती मोनिका रावटे से बच्चों द्वारा पढ़ी जाने वाली पुस्तकों के बारे में जानकारी प्राप्त की और बच्चों से ज्यादा से ज्यादा पुस्तक पढ़ने का आह्वान किया। बच्चों ने इस अवसर पर मन लगाकर पढ़ने का संकल्प लिया।

# आमदी के सामाजिक अंकेक्षण में बच्चों को दिया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)



शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला आमदी एवं पीएम श्री शासकीय उन्नयन प्राथमिक शाला आमदी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 सामाजिक अंकेक्षण सह पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षिका सविता छाट द्वारा मिडिल स्कूल के बच्चों का त्रैमासिक रिजल्ट एवं शाला की गतिविधियों की जानकारी दी गई। वहीं पीएम श्री स्कूल के शिक्षक उमेंद्र ठाकुर ने संगीत शिक्षा व खेलकूद के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, पार्षद सरिता साहू, सुनीता साहू, संतोषी साहू द्वारा प्राथमिक के बच्चों को न्योता भोजन में समोसा व मीठा प्रदान किया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र कुंभकार सभी कक्षाओं में पुस्तक प्राप्त होने की जानकारी ली और बेहतर रिजल्ट लाने की बात कही। नगर पंचायत आमदी के पूर्व उपाध्यक्ष तेजराम साहू ने माताओं को बच्चों के प्रति ज्यादा ध्यान देने की बात कही।

समन्वयक दीपेंद्र साहू ने बताया कि राज्य के प्राथमिक, माध्यमिक, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में बच्चों के स्तर की जांच एवं विद्यालय के शिक्षक, शाला संबंधी जानकारी 20 बिंदु पर जांच की जायेगी। पीएमश्री में नोडल शिक्षक के रूप में दीप्ति तिवारी प्रधानपाठक एवं पूर्व प्रधानपाठक रामचंद्र देवांगन एवं समिति के लोग थे।

वहीं माध्यमिक शाला में नोडल शिक्षक उमेश्वरी पटेल शिक्षाविद पूर्व प्रधानपाठक घनाराम साहू, समिति के सदस्य व पालकों ने बच्चों से प्रश्न पूछे और सामाजिक अंकेक्षण कार्य पूरा किया। आभार व्यक्त शाला विकास समिति के अध्यक्ष कामिनी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर शिक्षक सोमदत्त साहू, पूरनलाल कंवर, डोमेन्द्र साहू, जितेंद्र यादव, अनिल पटेल व पालकगण उपस्थित थे।

# कुम्हार समाज के लिए मिली 25 इलेक्ट्रिक चाक मशीनें



- विशु की पहल पर मंत्री खुशवंत साहेब ने दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ में कुम्हार समाज के आर्थिक और तकनीकी विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष विशु चक्रधारी ने तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान कुम्हार समाज की आवश्यकताओं, विशेषकर इलेक्ट्रिक चाक मशीनों की मांग को लेकर चर्चा हुई।

विशु चक्रधारी ने मंत्री को अवगत कराया कि परंपरागत चाक से मिट्टी के बर्तन बनाना आज के दौर में श्रमसाध्य और समय लेने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि यदि कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध कराया जाए, तो इससे उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और जीवन-स्तर में भी सुधार होगा। साथ ही उन्होंने समाज को तकनीकी प्रशिक्षण, स्वरोजगार योजनाओं में प्राथमिकता और कच्चे माल की उपलब्धता जैसे मुद्दों को भी रेखांकित किया।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए 25 नग इलेक्ट्रिक चाक मशीनों की स्वीकृति प्रदान की और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस स्वीकृति के लिए कुम्हार समाज के लोगों ने मंत्री साहेब का आभार जताया।




## अंचल की खबरें

### देवपुर में हुई गोंडवाना समाज की बैठक



**धमतरी।** डोंगेश्वर धाम देवपुर के बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण में परिक्षेत्रीय आदिवासी ध्रुव गोंडवाना समाज की बैठक हुई जिसमें सांकरा, झिरिया, खरेंगा, खैरा, सिवनी आदि मुड़ा पाली के समाजजन उपस्थित थे। सचिव दिलीप ध्रुव ने नवरात्रि के आय-व्यय की जानकारी दी। मौके पर मुड़ाध्यक्ष कृष्णा नेताम, जयपाल सिंह ध्रुव, धनेश नेताम, मनराखन ध्रुव, जगमोहन ध्रुव, विक्रम ध्रुव, कमलेश ध्रुव, पूरण ध्रुव, ढेलूराम ध्रुव, कचरूराम ध्रुव, मंशाराम ध्रुव, कोमल नागवंशी, सखाराम ध्रुव उपस्थित थे।

### अंग्रेजी की पूरक परीक्षा में बाहर से प्रश्न पूछे, बोनस देने की मांग




**धमतरी।** छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन छग राज्य कमेटी ने पण्डित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर से सम्बद्ध कॉलेजों में पूरक परीक्षा 2024 - 25 के प्रश्न पत्र में हुई गड़बड़ी के खिलाफ पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर में कुलपति के नाम प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने मांग रखी कि बीए द्वितीय वर्ष के अंग्रेजी विषय की पूरक परीक्षा में पाठ्यक्रम के बाहर से आए 6 प्रश्नों (1 अंक के ) का बोनस अंक छात्रों को तुरन्त दिया जाए। इस प्रदर्शन में एआईडीएसओ राज्य सचिव जैनपाल, रायपुर जिला सचिव प्रिया विभार, धमतरी जिला सचिव चंद्रभान चक्रधारी, विनय, भाविका, पंकज, कौशल, ओमप्रकाश लोमश, राकेश, इंद्रजीत, लोमश, पेमेंद्र, छत्रपाल, रेशमी, यमन समेत अन्य छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

### पेंशनरों का हुआ शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह




**धमतरी।** पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी का शपथ ग्रहण समारोह एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह कर्मचारी भवन धमतरी में हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. डीपी मनहर प्रांतीय अध्यक्ष थे। अध्यक्षता केके द्विवेदी अध्यक्ष जिला शाखा जगदलपुर ने की। अति विशिष्ट अतिथि रतनलाल कैवर्थ, विशिष्ट अतिथि रुपेश तिवारी प्रांतीय प्रवक्ता छग पेंशनधारी कल्याण संघ थे। इस अवसर पर जिला शाखा एवं तहसील शाखा के अध्यक्ष तथा राजेंद्र चंद्राकर संभागीय अध्यक्ष रायपुर ने पद की शपथ ली। रायपुर संभाग के विभिन्न जिलों से आए अध्यक्षों की राजेंद्र चंद्राकर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अरुण गौर एवं आभार प्रदर्शन कार्यवाहक अध्यक्ष हुलाराम परिहा ने किया। यह जानकारी कृपाशंकर मिश्रा अध्यक्ष ने दी।

### इनरव्हील क्लब ने बच्चों संग मनाई खुशियों की दिवाली



**धमतरी।** इनरव्हील क्लब द्वारा हिन्दू अनाथालय में खुशियों की दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब की सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं और दिवाली को खास बनाया। इस अवसर पर बच्चों को मिठाइयां और पटाखे वितरित किए गए। क्लब की ओर से चावल, दाल और तेल जैसी आवश्यक सामग्री भेंट की गई। पूर्व अध्यक्ष इला मेहता ने बिस्किट वितरित की। तारा झंवर ने बर्ड फीडर पॉट भेंट किया। बच्चों को जागरूक करने माया खंडेलवाल द्वारा एम्पैथी विषय पर संवाद सत्र लिया गया, जिसमें संवेदनशीलता और भावनात्मक समझ पर बात की गई। डीएसपी मोनिका मरावी ने पॉक्सो एक्ट से जुड़ी उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती सुधा अग्रवाल, सचिव श्रीमती नेहा लाठ, मीडिया प्रभारी श्रुति अग्रवाल समेत अन्य मौजूद रही।

### समाज का आदर्श स्वरूप है नारी : दीपक सिंह



**धमतरी।** मुजगहन में शरद पूर्णिमा पर ग्रामवासियों द्वारा संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि राजेश शर्मा थे। अध्यक्षता दीपक सिंह ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि हेमराज सोनी थे। हिन्दू जागरण मंच प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर ने कहा भारत सनातन की भूमि है। यहां प्रत्येक पर्व का महत्व है। शरद पूर्णिमा के दिन भगवान चंद्रदेव अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होकर प्रकाश बिखेरकर जगत को शांति का संदेश देते हैं। आगे कहा कि आज समाज में नारियों की सुरक्षा प्रमुख चिंतन का विषय है। नारी समाज का आदर्श स्वरूप है। मातृशक्तियों की रक्षा के लिए समाज को जागरूक होना होगा। रात्रि में स्वरांजलि नगरी की प्रस्तुति हुई। मौके पर अमरदीप महाजन, रविन्द्र बंजारे, मुकेश साहू, जतिन देवांगन समेत आयोजक परिवार व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सांकरा में ताश-जुआ व खड़खड़िया पर लगा विराम

**सांकरा।** सांकरा थाना क्षेत्र में इस वर्ष विजयादशमी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। तीस वर्षों में पिछले साल सांकरा के आसपास में ताश, जुआ खड़खड़िया जैसी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। इस वर्ष भी सांकरा में खड़खड़िया न होने की मांग लोगों द्वारा की जा रही है। युवाओं ने बताया कि पुलिस की सक्रियता और सामुदायिक सहयोग से पहली बार यह परंपरा बिना किसी विवाद के समाप्त हुई। थाना प्रभारी श्री नाग ने कहा कि पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगातार गश्त कर असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण बनाए रखा है। गांव-गांव में पुलिस की उपस्थिति और सजगता के चलते किसी भी प्रकार का विवाद या उपद्रव नहीं हुआ। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और पूरे क्षेत्र में शांति का माहौल बना रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता के सहयोग से ही यह संभव हुआ है। आने वाले समय में भी इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी।

## अंचल की खबरें

### सशिमं रूद्री में लगा विधिक जागरुकता शिविर



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला सत्र न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती उषा गेंदले ने छात्र-छात्राओं को न्यायालय में होने वाले कार्यों, लोक अदालत के महत्व, मोटरव्हीकल एक्ट एवं बच्चों में होने वाले अपराधों की रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी। आभार व्यक्त प्राचार्य संतोष साहू ने किया। इस अवसर पर आचार्य भुजबल यादव, परमेश्वर, त्रिभुवन, पंकज साहू, राकेश सिन्हा, राजेन्द्र साहू, नविता सेन, मीनाक्षी निषाद, प्रिया यादव, सुन्ताराम निषाद, गंगा साहू, सत्या उपस्थित थे।

### सशिमं रूद्री की दुलेश्वरी का 200 मीटर दौड़ में चयन



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदरि रूद्री की कक्षा द्वाद्वश की छात्रा दुलेश्वरी सोन ने क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उनका चयन अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता दो सौ मीटर दौड़ में हुआ है। इस उपलब्धि पर शिक्षण समिति की व्यवस्थापक अनुसुईया सिन्हा, खेल प्रभारी प्रेमलाल निषाद, आचार्य भुजबल यादव, परमेश्वर साहू, पंकज साहू, त्रिभुवन साहू, मुकेश सेन, राजेन्द्र सार्वा, राकेश सिन्हा, सुन्ताराम निषाद, दिनेश्वरी साहू, नविता सेन, अंजु साहू, मीनाक्षी निषाद, दुर्गा निषाद, प्रिया यादव, नीतू गंगा साहू, सत्या ने हर्ष जताया है।

### छात्रों ने खादी वस्त्र निर्माण की प्रकिया देखी



**धमतरी।** रुद्री हाईस्कूल में खादी महोत्सव का आयोजन कर स्टॉल के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। खादी ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव शर्मा, सहायक निदेशक खादी ग्रामोद्योग रायपुर ने छात्रों को खादी के महत्व, उपयोग और निर्माण की बारीकियां समझाई। छात्र-छात्राओं ने खादी वस्त्र निर्माण की प्रकिया देखी। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग से जुड़े प्रशांत घोष, लोमेश देवांगन, पीएल चंद्राकर, गुलवंत साहू, भोजराज साहू, दिनेश पांडे सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### स्वयंसेवकों ने किया जोधापुर वार्ड में नुक्कड़ नाटक



**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जोधापुर वार्ड में नशामुक्त कार्यक्रम एवं सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा वार्ड के मुख्य सड़कों की सफाई, आंगनबाड़ी केंद्र के निकट, हमर क्लिनिक और वार्ड के मुख्य चौक की सफाई की गई, साथ ही नशामुक्त अभियान अंतर्गत लोगों को नारे और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने जोधापुर प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों से मिलकर उन्हें स्वच्छता संबंधित जानकारी दी। इस गतिविधि में संकेत, विभा, संदीप, खुशी, वीणा, ललिता, दिगंत, लीलेश, गुलशन, रामानंद, कुलदीप, महिमा, अभिलाषा, आशीष, ओमेंद्र के साथ अन्य स्वयंसेवक शामिल हुए।

### नर्सिंग विद्यार्थियों ने मनाया विश्व दृष्टि दिवस




**धमतरी।** रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरन्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग लिमतरा के नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने जिला अस्पताल में चार्ट्स, पोस्टर्स, रैली का प्रदर्शन करते हुए आमजनों को नेत्र में होने वाले रोग, कारण एवं रोकथाम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसकी थीम लव योर आईज रही, जिसके अंतर्गत आंखों की देखभाल और दृष्टि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी एवं जिला अस्पताल के सिविल सर्जन उपस्थित थे एवं नर्सिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण ले रहे उत्कृष्ट छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य संजय कुमार लाल ने कहा कि आंखें हमारे जीवन की सबसे अनमोल पूंजी हैं। नियमित नेत्र जांच, पौष्टिक आहार और संतुलित जीवनशैली से अंधत्व को काफी हद तक रोका जा सकता है।

### अंतर महाविद्यालयीन योग प्रतियोगिता में गजेन्द्र का चयन



**कुरूद।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्र गजेन्द्र कुमार का चयन आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी योग प्रतियोगिता में हुआ है। विदित हो कि 7 एवं 8 अक्टूबर को सेठ फूलचंद स्मृति महाविद्यालय नवापारा राजिम में सेक्टर स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। इसमें संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की पुरूष टीम के खिलाड़ी गजेन्द्र कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया एवं उनका चयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम के लिए हुआ है। वे आगामी माह में आल इण्डिया इन्टर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ से बाहर विश्वविद्यालय में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

---

शासन ने शहर और ग्रामीण मार्गों के लिए जारी किए करोड़ों रुपये

# जिले में दीपावली के बाद शुरू होगा सड़कों का मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



डामरीकरण और गली मरम्मत के लिए वर्क ऑर्डर जारी होगा

जिले में इस वर्ष अत्यधिक और अनवरत बारिश ने सड़कों की दशा को बुरी तरह प्रभावित किया है। शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर ग्रामीण अंचल के संपर्क मार्गों तक, हर ओर सड़कों पर गड्ढे और पोखरियों की भरमार देखने को मिल रही है। इससे न सिर्फ यातायात प्रभावित हुआ है, बल्कि लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्कूल, कार्यालय और बाजार जाने वाले नागरिकों के लिए यह स्थिति परेशानी का कारण बनी रही। कई वार्डों और गांवों से प्रशासन को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

जनता की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए राज्य शासन ने धमतरी जिले के लिए विभिन्न मार्गों की मरम्मत एवं डामरीकरण कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत की है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत कार्य तत्काल शुरू किए जाएंगे ताकि त्योहार के दौरान नागरिकों को निर्माण गतिविधियों के कारण कोई असुविधा न हो। साथ ही मौसम की स्थिति भी अनुकूल रहने की संभावना को ध्यान में रखा गया है। सिहावा रोड, दानीटोला मार्ग और रुद्री रोड जैसे व्यस्त मार्गों के लिए 60 लाख रुपये, सिविल लाइन मार्ग जो प्रशासनिक भवनों और अस्पतालों की ओर जाने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, उसके लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये, वहीं शहर के सभी 40 वार्डों की गलियों की मरम्मत के लिए 26 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में भी संपर्क मार्गों की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। तरसींवा मोखा, मड़ईभाठा, ईर्रा कोर्रा मार्ग, भोथीपार रांवा कुर्रा रामपुर, हंचलपुर जैसे गांवों के लिए 1 करोड़ 48 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन मार्गों से कृषि उत्पादों और ग्रामीण जनजीवन का सीधा संबंध होने के कारण इनकी मरम्मत को प्राथमिकता दी गई है।

शासन द्वारा न केवल मरम्मत बल्कि डामरीकरण कार्यों के लिए भी विशेष बजट स्वीकृत किया गया है, जिसकी प्रक्रिया अलग से चलाई जा रही है। विभाग द्वारा निर्माण एजेंसियों को वर्क ऑर्डर तैयार करने का निर्देश दिया जा चुका है। आगामी सप्ताह में सभी ज़रूरी टेंडरिंग प्रक्रियाएं पूर्ण कर निर्माण कार्य आरंभ किए जाएंगे।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाएगा। स्थानीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और तकनीकी दलों की मदद से निगरानी की जाएगी कि कार्य समय-सीमा में पूरे हों और मानकों के अनुरूप हों। जिले के नागरिकों ने शासन के इस निर्णय का स्वागत किया है। स्थानीय व्यापारियों, वाहन चालकों और स्कूल प्रबंधन समितियों ने उम्मीद जताई है कि दिवाली के बाद शुरू होने वाले ये कार्य शहर और गांव दोनों क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएंगे।

यह व्यापक मरम्मत अभियान न केवल सड़कों की स्थिति में सुधार लाएगा, बल्कि लंबे समय से उपेक्षित रहे क्षेत्रों को भी जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। प्रशासन की मंशा है कि आगामी कुछ माह में जिले की समस्त मुख्य और गौण सड़कें फिर से सुचारु और सुरक्षित बन सकें।

## शहर में बनाए जा रहे आकांक्षी शौचालय



■ बारिश के बाद निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आकांक्षी शौचालयों का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। बारिश के बाद अब निर्माण कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है, जिससे शहरवासियों को शीघ्र ही बेहतर स्वच्छता सुविधा मिल सकेगी। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि शहर के कई प्रमुख स्थानों विंध्यवासिनी मंदिर के पास, बठेना वार्ड पुलिस थाना के समीप, मणिकंचन के पास, सोरिद वार्ड स्थित बाबा डबरी बागतराई रोड एवं नवागांव के नए ओवरहेड वाटर टैंक के पास आकांक्षी शौचालयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। फिलहाल पांच शौचालयों का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है। निगम अधिकारियों ने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना से शहरों में शौचालय निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। लोगों में जागरूकता बढ़ी है और खुले में शौच की प्रवृत्ति लगभग समाप्त हो गई है। अब नगर निगम द्वारा जनसुविधा को और सशक्त करने के उद्देश्य से आकांक्षी शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है, जो शीघ्र ही उपयोग के लिए उपलब्ध होंगे।

## कराते चैंपियनशिप में धमतरी रायपुर के खिलाड़ियों का दबदबा




■ इंडोर हॉल में 7वीं राज्यस्तरीय कराते चैंपियनशिप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अम्बेडकर वार्ड स्थित इंडोर हॉल में आयोजित 7वीं राज्यस्तरीय कराते चैंपियनशिप का समापन हुआ। इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कराते चैंपियनशिप में 9 वर्ष से लेकर 60 प्लस वर्ष के कुल 364 खिलाड़ियों ने अपने खेल का हुनर दिखाया। धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बेमेतरा, महासमुंद, कांकेर, दंतेवाड़ा सहित अन्य जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में धमतरी और रायपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शशि पवार ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने कहा कि खेल से केवल शरीर ही नहीं, मन और चरित्र का भी विकास होता है। कराते जैसी विधा युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और आत्मरक्षा की भावना को मजबूत करती है।

श्री पवार ने कहा कि खेलों के आयोजन से युवाओं को दिशा मिलती है और उनका ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग होता है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता कविन्द्र जैन, रोहितास मिश्रा, दिलीप पटेल, गायत्री सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस आयोजन में अशोक सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

## हैंडबाल प्रतियोगिता में दुगली स्कूल की चार छात्राओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

25वीं राज्यस्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में शाउमावि दुगली की 4 प्रतिभाशाली छात्राओं ने चयनित होकर विद्यालय, नगरी ब्लॉक एवं धमतरी जिले का मान बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता 10 से 13 अक्टूबर तक कबीरधाम (कवर्धा) में आयोजित होगी, जिसमें छग राज्य के विभिन्न संभागों की टीमें आमने-सामने होंगी।

विद्यालय की चारों खिलाड़ी आसनी (45 पोज़िशन), कुमेश्वरी (सेंटर पोज़िशन), तामेश्वरी (गोलकीपर), मनीषा (विंग पोज़िशन) गर्ल्स अंडर-19 वर्ग में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। ये सभी खिलाड़ी दुगली वनांचल के अंतर्गत आश्रित ग्राम दिनकरपुर की निवासी हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद यह मुकाम हासिल किया है। प्राचार्य लालित सोम एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे नगरी विकासखण्ड के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल एवं सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती शकीला देवदास ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, विकासखण्ड क्रीड़ा प्रभारी खेमराज साहू, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक खोमनसिंह सहारे तथा वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक थॉमस पॉल ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बंशीलाल सोरी ने कहा कि हमारी बेटियां निश्चित ही राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर धमतरी का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करेंगी। खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक के रूप में नगरी विकासखण्ड के वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक एवं अनुभवी हैंडबॉल प्रशिक्षक अशोक गजबल्ला रायपुर संभाग की टीम के साथ रहेंगे।

## बेटियां आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी अलग पहचान बना रही : वीरेंद्र



■ बेलौदी स्कूल में 24 बालिकाओं को साइकिल का नि:शुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में 24 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। यह योजना छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने तथा विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेन्द्र साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीना डेमू साहू सहकारिता एवं उद्योग सभापति जिला पंचायत धमतरी, श्रीमती सीता बाई साहू, सरपंच बेलौदी, कृष्णकुमार पाल, उमेश साहू, रिपुसूदन साहू, परमा साहू, अशोक पटेल, प्राचार्य, एस.के. साहू, पालकगण एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना से ग्रामीण अंचल की बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा मिल रही है। अब बेटियां आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। उन्होंने छात्राओं को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य अशोक पटेल ने बताया कि विद्यालय की बालिकाओं को इस योजना से अत्यधिक लाभ मिला है और इससे विद्यालय में बालिकाओं की उपस्थिति में भी वृद्धि हुई है। कार्यक्रम का संचालन एसके साहू एवं आभार प्रदर्शन उमेश साहू ने किया।

## सामाजिक अंकेक्षण शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम : सिरमौर



■ भोथली स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण व बालक पालक शिक्षक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में सामाजिक अंकेक्षण व बालक पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन हुआ। संकुल नोडल अधिकारी तहसीलदार मधुकर सिरमौर ने कहा कि यह शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम है। इससे वर्तमान व्यवस्था में बदलाव व सुधार लाया जा सकता है। अंकेक्षण नोडल अधिकारी बलेश कुमार साहू व्याख्याता ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम, खेलकूद, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व, स्काउट, गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रॉस, इको क्लब, यूथ क्लब, मॉडल प्रतियोगिता, सफाई व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के मानसिक स्तर का निरीक्षण कर संतोष जाहिर किया। प्रभारी प्राचार्य एलएन साहू व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गणेशप्रसाद साहू व्याख्याता ने विद्यालय की उपलब्धियों व सामाजिक सहभागिता से अवगत कराया। बच्चों की शैक्षणिक योग्यता को बढ़ाने किये जा रहे प्रयासों को बताया। मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के बलिराम साहू, कुंदन ढालेन, संकुल समन्वयक, गुहलेद सनहरा, कुबेर साहू उपसरपंच, राजकुमार, मोतीराम, नीतू, व्याख्यातागण राकेश साहू, रामशरण मिश्रा, धनंजय सोनकर, गोविंद सिन्हा, एलएन शांडिल्य, विनोद ध्रुव, महेंद्र साहू, डोमन ध्रुव, उमाकांत साहू, मंजूषा साहू, रेखा देहारी, दीप्ति शुक्ला, स्वाति सोरी, रेणुका ध्रुव, दुर्गा साहू, विमला साहू, किशोरी कश्यप, लखन्तीन तथा पालकगण उपस्थित थे।

## प्रधानपाठक की निलंबन बहाली से ग्रामीणों में खुशी



■ डाभा के प्रधानपाठक एवन को 8 सितंबर को जिला शिक्षाधिकारी ने किया था निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय प्राथमिक शाला डाभा के प्रधानपाठक एवन साहू की निलंबन बहाली से शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों में खुशी है। ज्ञात हो कि 8 सितंबर जिला शिक्षाधिकारी द्वारा डाभा के प्रधानपाठक एवन साहू को निलम्बित कर दिया गया था। एवन साहू को संकुल समन्वयक के प्रतिवेदन के आधार पर विखं शिक्षाधिकारी मगरलोड द्वारा निलम्बन प्रस्ताव बगैर जांच एवं एवन साहू का पक्ष जाने बिना जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय को भेज दिया गया था। इस आधार पर श्री साहू को निलम्बित कर दिया गया था। जबकि शासन के नियमानुसार संबंधित को पहले समझाइश, चेतावनी एवं नोटिस देना जरूरी था।

श्रीसाहू ने अपने निलम्बन की जानकारी छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ जिला धमतरी को दी। संघ ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षाधिकारी से तत्काल निलम्बन बहाली करते हुए पुनः शासकीय प्राथमिक शाला डाभा में पदस्थ करने की बात कही।

9 अक्टूबर को जिला शिक्षाधिकारी द्वारा निलम्बन बहाली करते हुए पुनः शासकीय प्राथमिक शाला डाभा में पदांकन करने का आदेश जारी किया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा डाभा के ग्रामीणों ने छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रति आभार व्यक्त किया तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष कीर्तन निषाद, भोजराम साहू, चुम्मन साहू उपसरपंच, सोमप्रकाश साहू, यशवंत नेताम, श्यामसुंदर सिन्हा, लीलेश्वर सिन्हा, नरेन्द्र सिन्हा, नन्दकुमार निषाद, लखन ठाकुर, मुकेश साहू, टीकू साहू, यादराम साहू, मोहन सिन्हा, रामगोपाल साहू, प्रताप यादव, महेन्द्र साहू, अहिल्या यादव, द्रोपदी साहू, गायत्री साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

मोदी ने पीएम धन धान्य कृषि योजना का किया शुभारंभ

# किसान खुशहाल होंगे तभी देश समृद्ध होगा : भानु

■ नई कृषि उपज मंडी में किसानों ने प्रधानमंत्री को लाइव सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना एवं अन्य कृषि योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नई कृषि उपज मंडी कार्यालय कुरुद के सभागार में दिखाया गया। मौके पर किसानों की उपस्थिति में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

भारत रत्न जयप्रकाश नारायण की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने उक्त योजना का शुभारंभ किया। बतौर अतिथि नगर पालिका कुरुद के विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने प्राथमिक एवं वृहत्ताकार कृषि सहकारी समिति से जुड़े अध्यक्ष, सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों की समृद्धि के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने कहा कि किसान यदि आधुनिक तकनीक के साथ परंपरागत खेती को जोड़ें तो निश्चित रूप से उनकी आय में वृद्धि होगी।

भानु ने जीएसटी पर की गई कटौती से किसानों को होने वाले फायदे गिनाते हुए कहा कि किसान खुशहाल होंगे तभी देश समृद्ध होगा। इस दौरान उन्होंने किसानों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक अजय चंद्राकर एवं नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के नाम बधाई भी ज्ञापित किया।

इस अवसर पर किसान नेता पंकज सिन्हा, आदर्श चंद्राकर, प्रभात बैस, नन्दकुमार साहू, भोलाराम साहू, कामता साहू, जीवन साहू, संतोष यादव, थानेश्वर साहू, विजय केला, टेमन बंजारे, विकास साहू, रामकुमार साहू, खूबलाल साहू, चैनेश्वर साहू के अलावा बड़ी संख्या में कृषक, मंडी के अधिकारी-कर्मचारीगण, व्यापारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अज्ञात वाहन की ठोकर से लकड़बग्घे की मौत, वन विभाग को आरोपी की तलाश

**पखांजुर।** पीव्ही 31 कालीमंदिर से गोण्डाहुर मुख्य मार्ग पर बीती रात को एक हादसा हो गया, जिसमें लगभग चार फीट के एक लकड़बग्घे की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। सड़क पर वन्यजीव की मौत की इस घटना से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। वन विभाग एक्सीडेंट करने वाले आरोपी की तलाश में जुट गई है। ग्रामीणों ने सुबह लकड़बग्घे के एक्सीडेंट को देखा, तो सबसे पहले वन विभाग के अमले को जानकारी दिया। वन विभाग का अमला पहुँचकर ग्रामीणों से बातचीत किया और उसके उपरांत मृत लकड़बग्घे के शव को मटोली फारेस्ट ऑफिस लाया गया, जहां पशु चिकित्सक के माध्यम से उसका पोस्टमार्टम कराया गया और फिर विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए, लकड़बग्घे को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि वे वन्यजीव बहुल क्षेत्रों से गुजरते समय अपनी गति नियंत्रित रखें और सतर्क रहें, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। ग्रामीणों से मिली जानकारी पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर धर्मेंद्र निषाद, वनपाल विजय यादव, उपवन क्षेत्रपाल, वन रक्षक पुष्पेंद्र यादव, उदय जुर्री, अशोक कैडियम, विनोद हिडको और गनेशिय ध्रव सहित पूरी टीम घटना स्थल पर पहुंची और पंचनामा तैयार किया। ग्रामीणों को बताया कि इस एक्सीडेंट के बारे में किसी भी प्रकार की गांव में चर्चा होती है या किसी तरह की खबर मिलती है तो जानकारी शेयर करेंगे, जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जानकारी मिलने पर एक्सीडेंट की घटना को अंजाम देने वाले पर नियमानुसार कार्यवाही हो पाएगी।

### दुधावा से बासनवाही तक पीएम सड़क है बदहाल, दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी



**बासनवाह।** दुधावा से बासनवाही नगरी को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क इन दिनों बेहद जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की यह दुर्दशा लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अब तक कोई सुधार कार्य शुरू नहीं हो सका है। दुधावा से बासनवाही नगरी को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण स्कूल, अस्पताल और बाज़ार की ओर आवागमन करते हैं। साइकिल, मोटरसाइकिल, ऑटो और चारपहिया वाहनों का इस मार्ग पर निरंतर आना-जाना होता है, लेकिन सड़क की खराब हालत के कारण अब यह रास्ता जानलेवा बन चुका है। ग्रामीण धन्नू भारती, प्रदीप सार्वा, सुकचंद ध्रुव, पवन नेताम, जनपद सदस्य संदीप द्विवेदी ने बताया कि इस रास्ते से स्कूल और अस्पताल जाना अब मुश्किल हो गया है। बरसात के समय सड़क में पानी भर जाता है, जिससे गड्ढे नजर नहीं आते और हादसे हो जाते हैं। रोजाना वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के समय मानकों की अनदेखी की गई, जिससे कुछ ही वर्षों में सड़क उखड़ने लगी। इस मार्ग पर रोजाना भारी ट्रक और ट्रैक्टरों के लगातार आवागमन से सड़क की ऊपरी परत तेजी से टूटने लगी है। मानसून के दौरान सड़क पर जलभराव होता है। पानी की निकासी न होने से नीचे की परत भी कमजोर हो गई।

माउथ फ्रेशनर के लाइसेंस की आड़ में चल रही थी नकली पान मसाला की फैक्ट्री

# नकली पान मसाला बनाने के कारोबार का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम शकरवारा में नकली पान मसाला की फैक्ट्री चल रही थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री से पान मसाला बनाने की मशीन के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। फैक्ट्री से आशिकी पान मसाला सहित अन्य पान मसाला पाउच और पान मसाला बनाने का कच्चा माल बरामद किया है।

पूरा धमतरी जिला नशे की गिरफ्त में है। खासकर पान मसाला के पाउच और उसमें मिलाए जाने वाला तम्बाकू पैकेट गली, चौक, चौराहों में खुलेआम बिक रहा है। पान मसाला की डिमांड इतनी ज्यादा है कि लोग असली नकली सब खा रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर शहर में नकली पान मसाला बनाने का कारोबार फल-फूल रहा था। पुलिस ने खाद्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में ऐसे ही मामले में सूचना के आधार पर एक नकली पान मसाला की फैक्ट्री पर दबिश दी। पुलिस जब फैक्ट्री के भीतर पहुंची तो सबकी आंखें फटी की फटी रह गई। यहां पर बड़े पैमाने पर नकली पान मसाला बनाया जा रहा था। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक प्रहलाद उर्फ पहलू मूलवानी उम्र 49 साल को गिरफ्तार कर लिया है और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। इस मामले में तार और कई लोगों से जुड़े होने की आशंका है। जल्द ही नकली पान मसाला के पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। नशे के खिलाफ उनका यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### लाखों रुपए की सामग्री जब्त

आरोपी पहलू मूलवानी सिहावा चौक का रहने वाला है। शकरवारा में उसका मकान है। जहां पर उसने बड़ी मात्रा में पान मसाला का पाउच स्टोर किया था। पान मसाला बनाने की मशीन भी रखी हुई थी। आरोपी के कब्जे से पान मसाला बनाने की मशीन, आशिकी पान मसाला का कच्चा माल, तैयार पान मसाला पाउच और 1 मोबाइल जब्त किया गया। इन सामग्रियों की कीमत करीब 13 लाख 41 हजार 555 रुपए है।

### लाइसेंस माउथ फ्रेशनर का

आरोपी ने माउथ फ्रेशनर बनाने का लाइसेंस लिया था। माउथ फ्रेशनर बनाने लाइसेंस लेकर उसने पान मसाला बनाने का काम शुरू कर दिया। वह भी नकली पान मसाला। पान मसाला शकरवारा की इसी फैक्ट्री में तैयार किया जा रहा था, लेकिन पान मसाला के पाउच निर्माण की फैक्ट्री का लोकेशन जिले से बाहर का प्रिंट किया गया था।

### चल रहा अभियान

धमतरी पुलिस द्वारा अवैध व्यापार, मादक पदार्थ और जन-स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले उत्पादों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की है। शराब, गांजा के साथ तम्बाकू, पान मसाला के अवैध कारोबार पर सतत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## महिलाओं ने छलनी से चंद्रदेव के किए दर्शन पति के हाथों जल ग्रहण कर तोड़ा उपवास

- नगर समेत अंचल में करवा चौथ का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व अंचल में पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और घर-परिवार की सुख-शांति के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखा। दिनभर पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और सामूहिक पूजन के बाद शाम को चंद्रोदय के समय महिलाओं ने चलनी से चंद्रदेव का दर्शन कर पति का मुख देखा और उनके हाथों से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा।

सुबह से ही महिलाओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। नित्यक्रिया के बाद व्रती महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश जी, कार्तिकेय, ब्रह्मा, विष्णु, महेश और माता करवा की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद आरती उतारी और करवा चौथ की कथा सुनी।

पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि करवा चौथ का व्रत अत्यंत कठिन माना जाता है, क्योंकि इसमें दिनभर बिना अन्न-जल ग्रहण किए उपवास रखा जाता है। उन्होंने बताया कि माता करवा की उपासना से पति की लंबी उम्र, परिवार में सुख-शांति और समस्त कष्टों का निवारण होता है।

अंचल में अनेक दंपतियों ने श्रद्धा और आस्था के साथ इस पर्व को मनाया। धमतरी निवासी राकेश यादव ने अपनी पत्नी के साथ करवा चौथ का व्रत किया। वहीं कृदत्त कॉलोनी में दामिनी-देवेंद्र डडसेना, वंदना-उमेश सिंह बशिष्ट, ज्योति-नवीन जायसवाल, सरस्वती-चंद्रप्रकाश साहू, नीलू साहू, राधा-यशवंत साहू सहित कई अन्य दंपतियों ने व्रत रखकर करवा चौथ पर्व को श्रद्धापूर्वक मनाया।

## गड्ढों से परेशान ग्रामीण बोले : अब आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत लटियारा के आश्रित ग्राम साहनीखार के ग्रामीणों ने विधायक अंबिका मरकाम से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग की। रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण विधायक निवास पहुंचे और साहनीखार से सेमरा मुख्य मार्ग तक पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि साहनीखार से नगरी, सिहावा और आसपास के ग्रामों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बारिश के मौसम में कीचड़ और पानी भर जाता है। इससे ग्रामीणों, किसानों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षों से सड़क मरम्मत का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। सड़क की बदहाली के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि मौन हैं।

सरपंच रुपेश कुमार ध्रुव, पोखन दास पटेल, लीलाम्बर सिंह नेताम, मदनलाल मंडावी, पतिन्द्र नेताम, सेवनदास, रामगुलाल नेताम पंच, रुक्मणि नागवंशी पंच सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, उन्हें ठोस कार्रवाई चाहिए। उन्होंने प्रशासन और विभाग से आग्रह किया है कि साहनीखार मार्ग सहित पूरे नगरी-सिहावा क्षेत्र की सड़कों का शीघ्र निर्माण या मरम्मत की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिले।

## आरएसएस के गणवेश में स्वयंसेवकों के साथ विधायक ने किया पथ संचलन

- यह शताब्दी यात्रा छह सरसंघचालकों की साधना का फल है: दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर कुरुद मंडल में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक व अनुशासन के साथ पथ संचलन किया। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर स्वयंसेवकों के साथ आरएसएस के गणवेश में नगर में कदमताल करते हुए दिखाई दिए। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर लोग उमड़ पड़े।

रविवार की दोपहर कुरुद के विवेकानंद इंडोर स्टेडियम में शस्त्र पूजन के बाद नगर में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया जो प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर भारत माता की स्तुति के साथ विराम हुआ। इस दौरान नगरवासियों ने मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर, छत से पुष्पवर्षा की तो कहीं रंगोली और तोरणद्वार से स्वयंसेवकों का स्वागत किया । देशभक्ति गीतों की धुन पर आगे बढ़ते स्वयंसेवक एकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का जीवंत प्रतीक बन गए। विधायक अजय चंद्राकर को भी पथ संचलन करते देख लोगों ने कौतुहल महसूस किया।

इस अवसर पर नगर संघ चालक केशव चंद्राकर, शारीरिक प्रमुख जितेंद्र चंद्राकर, धनेश्वर निर्मलकर, पोषण साहू, रोशन ध्रुव, भूषण, वैभव शुक्ला, दीपांशु ध्रुव, मालक राम, तिलोक, हरिशंकर सोनवानी, गौतम साहू, दुर्गाशंकर साहू, धर्मेंद्र साहू, राहुल जैन, शशांक कृदत, नेमीचंद बैस, डुगेश, पेमेंद्र, फलेश, लोकेश्वर सिन्हा समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

### संघ के इतिहास का किया गुणगान

समारोह के मुख्य वक्ता प्रान्त महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख शांति स्वरूप दुबे ने संघ की 100 वर्ष की तपस्या और डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवनवृत्त का प्रेरक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह शताब्दी यात्रा छह सरसंघचालकों की साधना का फल है। हेडगेवार की नींव, गुरुजी का विस्तार, देवरस की सेवा, रज्जू भैया का विदेश विस्तार, सुदर्शन का स्वदेशी आग्रह और भागवत का समरसता संदेश इसकी धुरी है। उन्होंने इस यात्रा को संगठन शक्ति, आत्मगौरव और समरसता का उत्सव बताया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं पूर्व व्याख्याता कुलेश्वर सिन्हा ने कहा कि आरएसएस वह संगठन है जिसने तूफानों में भी दीपक जलाए रखे। उन्होंने संघ को समरसता और एकता का प्रतीक बताया।

इतवारी बाजार अपडेट : किसानों को लाखों का नुकसान, बाजार में दाम बढ़े

# असमय बारिश से सब्जियों की फसल हुई चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बीते दिनों हुई असमय बारिश ने जिले के ग्रामीण अंचलों में हरी सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी टमाटर, भिंडी, ककड़ी, लौकी, टिंडा जैसी सब्जियां बारिश और जलभराव के कारण सड़ने लगीं, जिससे किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं फसल की आवक घटने से बाजार में सब्जियों की कीमतें आसमान छूने लगी हैं, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र कोलियारी, अमेठी, परसुली, दोनर, देवरी, मथुराडीह और जवरगांव में बड़ी मात्रा में हरी सब्जियों की खेती की जाती है। इन क्षेत्र के खेतों में पानी भरने से सब्जियां गलने लगी हैं। किसान भोलाराम साहू, सेवकराम, नीलकंठ नेताम, शत्रुघ्न ढीमर सहित कई किसानों ने बताया कि उन्होंने हजारों रुपये लगाकर सब्जियों की फसल तैयार की थी, लेकिन अचानक हुई बारिश ने मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में नमी बढ़ने और जलजमाव के कारण पूरी फसल खराब हो गई है।

किसानों का कहना है कि वे पहले से ही महंगाई, खाद-बीज के बढ़ते दाम और श्रमिक लागत से जूझ रहे हैं। अब प्राकृतिक आपदा ने उनकी कमर तोड़ दी है। कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी, ऐसे में अब उन्हें कर्ज चुकाने की चिंता सता रही है। वे प्रशासन से मुआवजे और राहत की मांग कर रहे हैं।

दूसरी ओर सब्जियों की आवक में कमी के चलते शहर के बाजारों में हरी सब्जियों के दाम में तेजी दर्ज की गई है। पहले जो सब्जियां 20-30 रुपये प्रति किलो मिलती थीं, अब वही 50–60 रुपये प्रति किलो तक बिक रही हैं। भिंडी, ककड़ी, लौकी और टिंडा जैसी सब्जियों की कीमतें भी बढ़ी हैं।

स्थानीय सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि थोक मंडियों में माल की आवक घट गई है। किसान खुद भी सब्जी बेचने नहीं आ पा रहे हैं, क्योंकि फसलें नष्ट हो चुकी हैं। इससे खुदरा व्यापार पर भी असर पड़ा है। ग्राहक कम मात्रा में खरीददारी कर रहे हैं, जिससे बाजार की गतिविधियां धीमी हो गई हैं।

इतवारी बाजार के सब्जी विक्रेता सगुन बाई सोनकर, दौलतराम ने बताया कि बाजार में मुनगा 200 किलो बिका। शिमला मिर्च, हरा धनिया, गोभी 80 से 100 किलो बिका। बरबटी भिंडी, हरी मिर्च, कोचई 50 रूपये किलो रहा। ग्वारफल्ली, सेमी, पालक, लालभाजी, प्याज भाजी 60 रूपये किलो बिकी। भटा, कुंदरू, करेला, पत्तागोभी, डोड़का, तोरई, मूली 40 रूपये किलो बिका। केला 30 तो लौकी 10 रूपये किलो में बिकी।

### आलू, प्याज 25 रूपये किलो में बिका

सब्जियों की तुलना में किराना सामान इस सप्ताह भी स्थिर रहा। दाम नहीं बढ़ने से उपभोक्ता प्रसन्न हैं। किराना व्यापारी रामजी भाई देव कुमार ने बताया कि आलू प्याज 25 रूपये किलो बिका। शक्कर 46, गुड़ 55, हल्दी 200, मिर्च 200, धनिया 120, जीरा 250, काली मिर्च 820, लहसुन 100, रिफाइंड तेल 125, सरसों 75 रुपये, मेथी 80, अरहर दाल बेस्ट 110, मूंग दाल 100, उड़द दाल 100, मसूर दाल 90, चना देसी 80, काबुली चना 120, हरा मटर 80, सफेद मटर 60, चना दाल 50, पोहा 45, खड़ा मसूर 80 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 78 से 80 रूपये दर्जन रहा।

## अंचल की खबरें

### 33 लोगों ने एक साथ लिया देहदान व नेत्रदान का संकल्प



**धमतरी।** जिले में 33 लोगों ने एक साथ देहदान व नेत्रदान का संकल्प लेकर समाज के सामने एक अनोखी मिसाल पेश की है। देहदान करने वालों ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को देहदान के प्रति जागरूक करना है, ताकि मृत्यु के बाद भी शरीर मानव सेवा में उपयोग हो सके। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर देहदान की प्रक्रिया शासकीय जिला चिकित्सालय में हुई। जिला चिकित्सालय के सीएमओ अधिकारी व डॉक्टरों ने सभी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला सेवादार हेमलाल साहू, गोपेश्वर साहू, भोजराज साहू ने सभी चिकित्सकों को ज्ञानगंगा पुस्तकें भेंट की।

### सिर्री क्षेत्र की सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ पर्व



**सिर्री।** ग्राम सिर्री सहित क्षेत्र में महिलाओं ने 10 अक्टूबर को करवा चौथ का व्रत रखा। व्रती सुहागिनों ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर करवा माता की पूजा अर्चना की। सिर्री के नंदूराम ध्रुवंशी के घर पंडित करण शर्मा ने करवा चौथ में माता की विधिवत पूजन कर उनकी कथा पढ़ी। बादलों के बीच ढके चांद ने व्रती सुहागिनों को काफी इंतजार भी कराया। संध्या में पूजन पश्चात रात्रि में 11 बजे दशोदा ध्रुवंशी, अंजनी ध्रुवंशी, ज्योति ध्रुवंशी, लक्ष्मी ध्रुवंशी, बसंती टंडन, मनीषा ध्रुव, ननकी पटेल, लक्ष्मी यादव, ज्योति यादव सहित अन्य सुहागिनों ने छलनी से चांद का दीदार कर अपने पति की पूजा कर उपवास तोड़ा।

### दौलत बने सहायक शिक्षक फेडरेशन के पुनः जिलाध्यक्ष





**धमतरी।** छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष का चुनाव 11 अक्टूबर को वीर भवन रुद्री धमतरी में हुआ जिसमें दौलत ध्रुव निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी सिराज बक्श महासमुंद एवं ईश्वर चंद्राकर महासमुंद सहायक निर्वाचन अधिकारी थे। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद श्री ध्रुव ने कहा कि वेतन विसंगति और क्रमोन्नति संघ का प्रथम लक्ष्य है जिसे पूरा करने के लिए शासन- प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा।

### करवा चौथ पूजन के साथ हुआ कुटुंब प्रबोधन



**धमतरी।** साथी ग्रुप के सदस्य अनु नंदा एवं स्वीटी नंदा द्वारा कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम के साथ करवाचौथ पूजन का आयोजन मैत्री विहार कॉलोनी में किया गया। अनु नंदा ने सुहागिनों को सुहाग का सामान उपहार दिया। इस अवसर पर उन्होंने नारी को केवल एक स्त्री के रूप में नहीं वरन एक सहधर्मिणी के रूप में परिभाषित करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं नशा मुक्त परिवार बनाने की जिम्मेदारी भी महिलाओं की होती है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ स्वीटी नंदा ने कहा कि करवा चौथ एक भावनात्मक पर्व है, जिसमें सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। करवा चौथ का महापर्व पति-पत्नी के प्रेम और विश्वास को और गहरा करने के साथ-साथ सास-बहू के संबंध को भी संवारता है। कार्यक्रम में श्रीमती जानकी गुप्ता एवं डॉ सरिता दोशी भी उपस्थित रहीं।

### हाईस्कूल खरेंगा में 26 छात्राओं को मिली साइकिल



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल खरेंगा में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत 26 बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा, महापौर रहे। अध्यक्षता दयाराम साहू पूर्व प्रदेश महामंत्री साहू संघ छत्तीसगढ़ ने की। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना बालिकाओं की आत्मनिर्भरता और शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साइकिल मिलने से बालिकाएं न केवल विद्यालय आने-जाने में सक्षम होंगी, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। मौके पर अज्जु देशलहरे पार्षद, निरंजन साहू महामंत्री भोथली मंडल, सुभाष साहू अध्यक्ष हायर सेकेंडरी स्कूल खरेंगा, नीलम साहू सरपंच, मोहन साहू, रामेश्वर साहू, फागूराम साहू, विनोद विश्वकर्मा बूथ अध्यक्ष खरेंगा सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीण प्रतिभा को मिला मंच

- सांकरा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया

**नगरी।** ग्राम पंचायत सांकरा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर ग्रामीण युवाओं में खेलों को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अपने संबोधन में श्री सार्वा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन न केवल युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और टीम भावना को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि ग्रामीण अंचलों की छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में सफलता और स्वास्थ्य दोनों के लिए आवश्यक हैं, इसलिए हर युवा को खेलों से जुड़ना चाहिए। महोत्सव के दौरान कबड्डी, खो-खो, दौड़, वॉलीबॉल सहित विभिन्न पारंपरिक व आधुनिक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समारोह में जनपद सीईओ रोहित बोरझा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य राजेश नाथ गोसाई, सांकरा सरपंच नागेंद्र बोरझा, सहकारी समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, मेचका सरपंच जीवन नाग, सचिव मदन सेन, सचिव अमित धुव, किशुन भास्कर, आसत मरकाम, प्राचार्य अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## धमतरी कस्टोडियल डेथ मानवता पर गहरा कलंक : ओंकार

**धमतरी।** धमतरी जिले के अर्जुनी थाने में पुलिस हिरासत में हुई दुर्गेंद्र कठोलिया की मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस दर्दनाक घटना पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की



निर्णय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि मानवाधिकार और संवैधानिक मूल्यों पर गहरी चोट है। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि हाईकोर्ट का निर्णय अपने आप में एक कठोर सच्चाई उजागर करता है कि यह मौत पुलिस की बर्बरता और प्रशासन की असंवेदनशीलता का नतीजा है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत हर नागरिक को जीवन और गरिमा का अधिकार प्राप्त है, लेकिन जब यह अधिकार खुद राज्य की हिरासत में छीना जाता है, तो यह शासन के चरित्र और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। विधायक श्री साहू ने कहा कि धमतरी की यह घटना राज्य की कानून व्यवस्था और मानवाधिकार सुरक्षा तंत्र की विफलता का प्रतीक है।

## मड़ेली स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं के लिए एक महत्वाकांक्षी वरदान साबित हो रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ेली में नवमी कक्षा की 33 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस योजना के तहत नवमी में अध्यनरत अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल प्रदान की जाती है। इस योजना से न सिर्फ बेटियों की स्कूल आने-जाने में सुविधा मिली है, बल्कि इसने दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए शिक्षा की राह को सुगम बना दिया है। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल सोन, ठाकुरराम साहू जनपद सदस्य, सरपंच वीणा लक्ष्मीनारायण साहू, नवीन गांधी सोसाइटी अध्यक्ष, संसंद प्रतिनिधि प्रदीप बैस, धर्मेंद्र साहू, रविंद साहू मौजूद थे।

### आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया विजयादशमी महोत्सव

# संघ का उद्देश्य परिवार, समाज व देश का निर्माण है : डॉ. सक्सेना









हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गोकुलपुर बस्ती द्वारा विजयादशमी उत्सव, पथ संचलन का कार्यक्रम एकलव्य खेल मैदान में रखा गया । कार्यक्रम दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुआ। 2.30 बजे एकत्रीकरण के बाद प्रार्थना हुई। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में हिस्सा लिया। पथ संचलन खेल मैदान से प्रारंभ होकर रामबाग, रामपुर वार्ड, संतोषी मंदिर होते हुए भटगांव चौक, गोकुलपुर चौक, कर्मा माता चौक से वापस होते हुए ब्रह्म चौक पहुंचा। खेल मैदान में इसका समापन हुआ। कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बाद स्वयं सेवकों ने दंड चलन, योग आसन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना डायेक्टर वीवाय हॉस्पिटल रायपुर व क्षेत्र संघ चालक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के बाद हमारे मन में दोगुना उत्साह जागृत हुआ है । हिंदू ही भारत को मातृभूमि मानता है। विदेशी आक्रमण के समय भारत का हिंदू समाज ही सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है । जाति, पंथ, भाषा, क्षेत्र, रंगभेद, अमीरी गरीबी से ऊपर उठकर हमें देश के बारे में विचार करना चाहिए । कोई आएगा, कोई करेगा यह शब्द मानसिकता से हटा देना चाहिए। हमें ही करना है और मैं करूंगा की शपथ के साथ देश सेवा से जुड़ना है। सभी कार्यकर्ताओं को समाज के सभी अंगों में जागरूकता लाना है। भाषा के आधार पर सामाजिक संबंधों का उल्लंघन हो रहा है, इससे हमें निपटना है। हम सब एक हैं। अनेकता में एकता है। भाषा के आधार पर अब देश का विभाजन नहीं होगा। कार्यकर्ताओं को 100 वर्ष बीतने के बाद अपने मन में दोगुने उत्साह लाना होगा। सभी के अंदर यह भावना लानी है। स्थापित संघ के लक्ष्य को अपना लक्ष्य माने और लक्ष्य की ओर ले जाने में सहयोग करें। हमारी उपस्थिति यह दर्शाती है कि लोगों में अब संघ के प्रति निष्ठा जागी है। यह प्रभावी बात है कि संघ के प्रत्येक सदस्य देश सेवा की साधना कर रहे हैं । स्वयंसेवक आचरण पर फोकस करें। व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण, देश निर्माण हमारे लक्ष्य हैं। सभी को संगठित होना जरूरी है। सोचना चाहिए कि हमने देश के लिए क्या किया । आचरण में परिवर्तन लाना आवश्यक है तभी व्यवस्था में परिवर्तन आएगा । संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण की पाठशाला है। आप सभी अंगों में जाकर बेसिक काम करें । हमारी मांगें पूरी हो ऐसा नारा नहीं होना चाहिए । निर्णय हमेशा देश हित में हो तभी देश का भला होगा। कार्यकर्ताओं में नेतृत्व की क्षमता आनी चाहिए। संघ का मूल लक्ष्य है व्यक्ति, समाज, देश का निर्माण है । हमें नया प्रयोग करना है। दिशा निर्धारित करनी है । संघ पुराना है । नए कार्यकर्ता बनते जा रहे हैं। मातृभक्ति की भावना निश्छल भाव से होनी चाहिए। स्वार्थ को दरकिनार कर मातृभक्ति सर्वोपरि हो। काम को तौलो मत कि हमें क्या मिलेगा सिर्फ हमें देश सेवा के लिए काम करना है। यह भाव होना चाहिए। परिवार, समाज, जाति, रंग, अमीरी गरीबी के लिए काम करने की बजाय भारत माता के आंचल के लिए काम करें। सभी कार्यों को प्रेम के आधार पर करना होगा। संघ से जुड़कर देश समाज के लिए कार्य करने कार्यकर्ताओं की फौज इकट्ठा करना जरूरी है। परिवार के साथ बैठकर बातें करें। भोजन करें, आहार विहार करें। इससे परिवार, समाज, देश मजबूत होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव नेताम जिला कोषाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोड समाज ने कहा कि देशभक्ति सर्वोपरि है। देशभक्ति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रमण को विफल करने देशवासियों में एकता जरूरी है । टुकड़े-टुकड़े में बंटे रहने से कोई भी आक्रमणकारी सहजता से अपना कब्जा जमा सकता है। गीत एकल गीत, अमृत वचन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विंध्यवासिनी प्रभात शाखा के गोकुलपुर, रामपुर, रुद्री, नयापारा के लगभग 100 से अधिक स्वयंसेवक व सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे। मंच पर जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र मौजूद रहे।

साथ ही विभाग सहकार्यवाह घनश्याम साहू, नगर सहसंघचालक महेश शर्मा, नगर कार्यवाह मोहित साहू सहित अनेक अधिकारी एवं कार्यकर्ता भी थे। इस अवसर पर शिवाजी साहू, प्रताप राव, विनोद राव, नोहर देवांगन, विजय ठाकुर, गौरव मगर, धर्मेंद्र सिन्हा, शिरोमणि घोरपड़े, सुबोध राठी, शशि पवार, डीपेंद्र साहू, रोहिताश मिश्रा, विजय साहू, पवन गजपाल, विनय जैन, चंद्रकला पटेल, संगीता जगताप, बीथिका विश्वास, चेतना रणसिंह, रितिका यादव, गायत्री सोनी, रूपेंद्र साहू, उत्तर साहू, मनोज साहू, शंकर साहू, जागेंद्र साहू, राकेश साहू, राकेश जाधव, धरमसिंह साहू, हरलाल साहू, शैलेश चंद्राकर, उमेश बशिष्ट, कुशल लोढ़ा, हेमराज सोनी और दिनेश पटवा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाल स्वयंसेवक कान्हा राठी एवं अयांश बशिष्ट ने भी सहभागिता कर उत्सव में उल्लास बढ़ाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रीय संस्कृति और समाज सेवा के महत्व को रेखांकित किया।

### पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का किया स्वागत



सोरिद बस्ती में श्रीराम प्रभात शाखा सोरिद के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी उत्सव पर भव्य पथ संचलन किया। मुख्य अतिथि बसंत देवांगन ने बस्ती निवासियों को संघ की शाखाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया । इतिहास पुरुष बाबू पंढरी राव कृदत्त के धमतरी तथा सोरिद में संघ कार्य में दिए योगदान के बारे में जानकारी साझा की। मुख्य वक्ता धमतरी जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर ने संघ के आगामी पंच परिवर्तन जैसे लक्ष्यों और संघ के राष्ट्र निर्माण में योगदान के साथ डॉ. हेडगेवार के सपनों के धरातल पर क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों सहित 300 से अधिक ग्राम, नगर एवं जिले के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। पथ संचलन का शुभारंभ सोरिद के दुर्गा मंदिर से हुआ और बरपारा, जोधापुर, शांति चौक, सोरिद पुल, अम्बेडकर चौक व डाक-बंगला वार्ड होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ। संचलन के दौरान अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बस्ती प्रमुख रामकुमार साहू, नगर सह शारीरिक प्रमुख रौनित सहारे, मुकुंद, संकल्प शर्मा, मुख्य शिक्षक कुलदीप साहू, शाखा कार्यवाह सागर साहू, प्रार्थना प्रमुख दीपक, ओंकार साहू, दीपांशु समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

- सोरिद बस्ती में पथ संचलन के साथ विजयादशमी उत्सव मनाया गया

## भोभला किसे कहते हैं, भंडार का अर्थ छग भाषा में बताइए



- वार्ड ब्वाय व आया की भर्ती परीक्षा में पूछे गए कई रोचक व घुमावदार प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

रविवार को व्यापमं द्वारा आयोजित वार्ड ब्वाय व आया की भर्ती परीक्षा में हिंदी, छग भाषा सहित अन्य सामान्य ज्ञान प्रश्न पूछे गए। परीक्षार्थी दिनेश विश्वकर्मा, अजय साहू, मनोहर साहू आदि ने बताया कि पूछे गए प्रश्नों में लीप वर्ष क्या है, जीएसटी क्या है, भोभला किसे कहते हैं, छत्तीसगढ़ी भाषा में भंडार का अर्थ बताइए , व्यक्ति पर विपत्ति आने को क्या कहते हैं। 11, 14, 15 को छत्तीसगढ़ी भाषा में क्या कहेंगे। चौखड़िया क्या है। छत्तीसगढ़ी बोली भाषा राज्य में कितनी है समेत अनेक रोचक व घुमावदार प्रश्न पूछे गए ।

कुछ सेंटर में प्रवेश के समय वंचित परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। कुछ जगह ड्रेस को लेकर तो कुछ जगह समय से पहले गेट बंद करने का आरोप लगाया। दूर-दराज से पहुंचे परीक्षार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। विदित हो कि वार्ड ब्वाय के 50 और आया के 50 पदों पर परीक्षा हुई। यह परीक्षा 10 जिलों में आयोजित की गई। धमतरी में 26 स्थानों पर केन्द्र बनाए गए जिसमें न सिर्फ धमतरी जिला बल्कि बस्तर, सुकमा जिले से भी परीक्षार्थी पहुंचे। कुछ स्थानों पर अव्यवस्था का आरोप परीक्षार्थियों ने लगाया। परीक्षार्थियों का आरोप था कि समय से पहले गेट को बंद कर दिया गया जिसकी वजह से उन्हें परीक्षा देने से वंचित होना पड़ा। पहचान पत्र के अलावा मार्कशीट मांगी गई। उपलब्ध नहीं होने पर प्रवेश नहीं दिया गया, जबकि मार्कशीट दिखाने का नियम ही नहीं है। इसी तरह अन्य सेंटरों में भी कई परीक्षार्थी वंचित रह गए। बताया गया कि ड्रेस पर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई थी। हल्का रंग पहनने के बावजूद प्रवेश नहीं दिया गया। कपड़ा बदलकर आने के बाद गेट बंद कर दिया गया, जैसी कई समस्याएं बताई।

परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र/ ड्राइविंग लाइसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी की फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य किया गया था।

समन्वयक पीजी कॉलेज के प्रचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने बताया कि धमतरी जिले में इस परीक्षा के लिए 26 सेंटर बनाए गए थे। परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1:15 बजे तक हुई। कुल 7402 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 2294 अनुपस्थित रहे। 5108 लोगों ने परीक्षा दी। परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने बताया कि नियमानुसार सभी जगह सुबह 10:30 बजे गेट बंद किया गया जिसकी बकायदा वीडियोग्राफी की गई। कपड़ों के संबंध में भी पहले से दिशा निर्देश जारी कर दिया गया था। मार्कशीट मांगने के संबंध में उन्हें जानकारी नहीं है।




## डब्ल्यूएचओ की टीम ने देखी वनांचल में स्वास्थ्य सेवाएं

**नगरी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने विकासखंड नगरी का दौरा किया। इस दरम्यान टीम विकासखंड नगरी में चल रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से अवगत हुई। उपस्वास्थ्य केंद्र डोंगरडुला में विजिट कर सिकलसेल पीड़ति मरीजों को पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के माध्यम से प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की सेवाओं की जानकारी ली। तत्पश्चात पीएम जनमन के तहत ग्राम मसानडबरा में बनाये जा रहे आवास व प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उनके जीवन स्तर को जाना।

टीम ने बीपीएम नगरी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु प्लानिंग करने सलाह दी ताकि समुदाय को स्थानीय स्तर पर हमेशा स्वास्थ्य सेवा मिलती रहे। वापसी पर सिविल अस्पताल नगरी का भी विजिट किया गया और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

टीम में डॉ. ग्रेस अचुंगरा, डॉ. दिलीप मैरेम्बम एनपीओ डब्ल्यूएचओ उर्या नाग स्वास्थ्य प्रणाली अधिकारी डब्ल्यूएचओ कुमार गौरव शामिल थे। मौके पर डॉ एके नेताम बीएमओ, हितेंद्र साहू बीपीएम , किशोर साहू आरएमओ पीएचसी सांकरा, प्रेमलाल साहू बीएएम मौजूद रहे।







## भंवरमरा में शहीद केशव को दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** ग्राम भंवरमरा में केशव निषाद के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग छत्तीसगढ़ कल्याण बोर्ड थे । अध्यक्षता कैप्टन अनिल शर्मा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, केशवराम साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, श्रीमती झामिन बाई निषाद सरपंच, श्रीमती लक्ष्मी गोस्वामी पंच, केपी साहू अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी, राजेश तिवारी पूर्व सैनिक, ओमप्रकाश, सागर निषाद, महेंद्र निषाद, पुनीतराम निषाद, टेकनलाल साहू, भारतलाल निषाद, शिवदयाल नेताम, दलसिंह निषाद, रामदयाल, परमानंद, पीलूराम निषाद, भरणी, पांचूराम निषाद एवं पवन कुमार निषाद थे।

- ग्रामीणों ने उनके अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान को किया नमन

इस अवसर पर वक्ताओं ने शहीद केशव निषाद के अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर शहीद के माता-पिता ईश्वर राम- श्रीमती निर्मला देवी निषाद सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

